विषय कोड
Subject Code : **106**

प्रश्न पत्र सेट कोड
Question Paper Set Code
**A**

# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION
## 2019 – (ANNUAL)
## NLH-HINDI (SIL)
## द्वितीय भारतीय भाषा – हिन्दी

प्रश्न पुस्तिका क्रमांक
Question Booklet Serial No.

कुल प्रश्नों की संख्या: 56
**Total No. of Questions: 56**

(समय: 3 घंटे 15 मिनट)
[Time: 3 Hours 15 Minutes]

कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 16
**Total No. of Printed Pages: 16**

(पूर्णांक: 100)
[Full Marks: 100]

*परीक्षार्थियों के लिये निर्देश:–*
***Instructions for the candidates:***

1. परीक्षार्थी यथा संभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
3. इस प्रश्न पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
4. यह प्रश्न–पत्र दो खण्डों में है, खण्ड – अ एवं खण्ड – ब ।
5. खण्ड - अ में 50 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है, सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। (प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है), इनका उत्तर उपलब्ध कराये गये OMR – उत्तर पत्रक में दिये गये सही वृत्त को काले/नीले बॉल पेन से... किसी भी प्रकार के व्हाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का उत्तर पुस्तिका में प्रयोग करना मना है अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।
6. खण्ड – ब में कुल 6 विषयनिष्ठ प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित है।
7. किसी तरह के इलेक्ट्रॉनिक यंत्रों का उपयोग वर्जित है।



BiharboardQuestionpaper.com

# खण्ड –अ

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

*प्रश्न संख्या 1 से 50 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR – शीट पर चिन्हित करें।* *(50×1=50)*

1. 'रामवृक्ष बेनीपुरी' द्वारा लिखित पाठ है –

   (A) ठेस  (B) विक्रमशिला

   (C) बालगोबिन भगत  (D) खेमा

2. 'दीनबन्धु निराला' पाठ की विधा है –

   (A) कविता  (B) निबंध

   (C) कहानी  (D) रेखाचित्र

3. वर्णों के सार्थक समूह को.......................कहते हैं।

   (A) पद  (B) पदबंध

   (C) वाक्य  (D) शब्द

4. उत्पत्ति की दृष्टि से शब्द के प्रकार हैं –

   (A) एक  (B) दो

   (C) तीन  (D) चार



BiharboardQuestionpaper.com

5. राँची से हुंडरू की दूरी है –

(A) 11 मील
(B) 22 मील
(C) 25 मील
(D) 27 मील

6. "साध्य की पवित्रता एवं महत्ता तभी है जब उसका साधन भी महान हो।"– यह किसकी उक्ति है?

(A) बाल गंगाधर तिलक की
(B) गोपाल कृष्ण गोखले की
(C) भगत सिंह की
(D) महात्मा गांधी की

7. कविता नहीं है –

(A) झाँसी की रानी
(B) बच्चे की दुआ
(C) कर्मवीर
(D) ठेस

8. 'मेरी भव बाधा हरौ, राधा नागरि सोय।" यह पंक्ति है –

(A) गोपाल सिंह 'नेपाली' की
(B) बिहारीलाल की
(C) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' की
(D) नरोत्तम दास की

9. मिथिलांचल की लोकसंस्कृति का प्रभावी वर्णन है –

(A) ठेस में
(B) बालगोबिन भगत में
(C) विक्रमशिला में
(D) इनमें से किसी में नहीं



BiharboardQuestionpaper.com

10. 'घाव पर नमक छिड़कना' मुहावरे का अर्थ है –

(A) किसी के दुख में दुखी होना (B) चोट पर नमक डालना

(C) दुखी को और अधिक दुख देना (D) इनमें से कोई नहीं

11. 'लाल–पीला होना' मुहावरे का सही अर्थ है –

(A) मजबूर होना (B) क्रुद्ध होना

(C) लाल – पीले रंग में रंग जाना (D) मजाक करना

12. 'ईर्ष्या तू न गई मेरे मन से' पाठ के लेखक हैं –

(A) रामधारी सिंह 'दिनकर' (B) गोपाल सिंह 'नेपाली'

(C) वंशीधर श्रीवास्तव (D) बेढब बनारसी

13. लेखक के अनुसार 'निंदा' की माँ है –

(A) ईर्ष्या (B) प्रशंसा

(C) खुशी (D) हँसी

14. 'गोपाल सिंह नेपाली' द्वारा रचित कविता है –

(A) खुशबू रचते हैं हाथ (B) बच्चे की दुआ

(C) पीपल (D) कर्मवीर



BiharboardQuestionpaper.com

15. हामिद की दादी का नाम है –

(A) सफीना
(B) फातिमा
(C) अमीना
(D) रवीना

16. हामिद ने कितने पैसों में चिमटा खरीदा?

(A) एक
(B) दो
(C) तीन
(D) चार

17. सही वर्तनी है –

(A) श्रृंगार
(B) शृंगार
(C) शृंगार
(D) सृंगार

18. गलत वर्तनी है –

(A) अभिलाषा
(B) रोशन
(C) रौशन
(D) राकेश

19. बालगोबिन भगत की संगीत – साधना का उत्कर्ष देखा गया –

(A) बेटे की मृत्यु के दिन
(B) बेटे के परदेश जाने पर
(C) बेटे के जन्म के दिन
(D) बेटे की शादी के दिन


BiharboardQuestionpaper.com

20. बालगोबिन भगत की पतोहू थी –

(A) कर्कशा
(B) रोगग्रस्त
(C) सुशील
(D) झगड़ालु

21. ईर्ष्या का संबंध होता है –

(A) प्रेम से
(B) हर्ष से
(C) प्रगति से
(D) प्रतिद्वंदिता से

22. "तुम्हारी निंदा' वही करेगा, जिसकी तुमने भलाई की है।" यह पंक्ति किसके द्वारा रचित है?

(A) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(B) रामवृक्ष बेनीपुरी
(C) ईश्वरचन्द्र विद्यासागर
(D) राम इकबाल सिंह 'राकेश'

23. 'अनुकरणीय' में प्रत्यय है –

(A) अनु
(B) अ
(C) ईय
(D) य

24. 'अधखिला' में उपसर्ग है –

(A) अ
(B) अध
(C) ला
(D) खिला



BiharboardQuestionpaper.com

25. 'अंग महाजनपद' का आधुनिक नाम है –

(A) मुजफ्फरपुर (B) नालंदा

(C) दरभंगा (D) भागलपुर

26. 'विक्रमशिला विश्वविद्यालय' के प्रांगण में कितने विश्वविद्यालय थे?

(A) चार (B) पाँच

(C) छः (D) सात

27. 'विक्रमशिला विश्वविद्यालय' के प्रथम आचार्य – कुलपति थे –

(A) सूरिभद्र (B) हरिभद्र

(C) आर्यभट्ट (D) धर्मपाल

28. संजू की किस सहेली की शादी बचपन में ही कर दी गयी?

(A) दीपा की (B) शिखा की

(C) अंकिता की (D) नीलू की

29. प्रकृति चित्रण किसकी उल्लेखनीय विशेषता है?

(A) भक्तिकाल (B) आदिकाल

(C) छायावाद (D) रीतिकाल



BiharboardQuestionpaper.com

30. "निर्झर के पास खड़ा पीपल, सुनता रहता कलकल – छलछल" – यह पंक्ति किसके द्वारा रचित है?

(A) गोपाल सिंह 'नेपाली'
(B) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(C) नरोत्तम दास
(D) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

31. 'त्रिवेणी' में ................समास है।

(A) द्विगु
(B) कर्मधारय
(C) अव्ययीभाव
(D) तत्पुरुष

32. 'दीनानाथ' में ..................समास है।

(A) कर्म तत्पुरुष
(B) करण तत्पुरुष
(C) संबंध तत्पुरुष
(D) अधिकरण तत्पुरुष

33. बालमजदूरी की समस्या का वर्णन है –

(A) खेमा में
(B) ईदगाह में
(C) बच्चे की दुआ में
(D) बालगोबिन भगत में

34. 'मुक्ताकाशी' होटल का मालिक है –

(A) जगारा
(B) कसारा
(C) मंटू
(D) दीपक



BiharboardQuestionpaper.com

35. बिहार की बेटियों की असाधारण विशेषताओं का उद्घाटन किया गया है –

(A) कर्मवीर में

(B) विक्रमशिला में

(C) खेमा में

(D) हौसले की उड़ान में

36. 'गुड़िया' का घर किस जिले में है?

(A) रोहतास

(B) मुजफ्फरपुर

(C) नालंदा

(D) दरभंगा

37. 'सज्जन' में ....................संधि होगी।

(A) दीर्घ स्वर

(B) गुण स्वर

(C) व्यंजन

(D) विसर्ग

38. वीर + उचित की संधि होगी –

(A) वीरउचित

(B) वीरौचित

(C) वीरोचित

(D) वीरूचित

39. कदम बड़ी होकर बनना चाहती है –

(A) अध्यापिका

(B) डॉक्टर

(C) वकील

(D) इंजीनियर



BiharboardQuestionpaper.com

40. फदम किस जिले की रहने वाली है?

(A) नालदा (B) मुंगेर

(C) कैमूर (D) बेगूसराय

41. पहली बार कर्पूरी ठाकुर कब गिरफ्तार कर लिए गए?

(A) 28 अक्टूबर 1943 (B) 20 सितम्बर 1941

(C) 23 अक्टूबर 1943 (D) 30 अक्टूबर 1941

42. स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद पहला आम चुनाव ............ई. में हुआ।

(A) 1951 (B) 1952

(C) 1953 (D) 1954

43. कर्पूरी ठाकुर बिहार के मुख्यमंत्री कितनी बार बने?

(A) एक बार (B) दो बार

(C) तीन बार (D) चार बार

44. कर्पूरी ठाकुर ने आई. ए. की परीक्षा पास की –

(A) 1938 ई. में (B) 1939 ई. में

(C) 1941 ई. में (D) 1942 ई. में



BiharboardQuestionpaper.com

45. राय कृष्णदास हफ्ते में कितनी बार दाढ़ी बनाते हैं?

(A) सात बार
(B) आठ बार
(C) नौ बार
(D) दस बार

46. वेदना का अर्थ है –

(A) पीड़ा
(B) हर्ष
(C) घृणा
(D) क्रोध

47. प्रतीक्षा का अर्थ है –

(A) संभव
(B) शब्द
(C) इच्छा
(D) इंतजार

48. 'पानी' है –

(A) द्रव्यवाचक संज्ञा
(B) समूहवाचक संज्ञा
(C) भाववाचक संज्ञा
(D) जातिवाचक संज्ञा

49. संज्ञा शब्द है –

(A) निज
(B) आलसी
(C) वीरता
(D) पढ़ना

50. परिमाणवाचक विशेषण नहीं है –

(A) कुछ
(B) थोड़ा
(C) बहुत
(D) इनमें से कोई नहीं



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड –ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें, प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का है। (5×2=10)

(क) साहित्य का सृजन एक व्यक्ति करता है और उसके माध्यम से वह अपनी निजी अनुभूतियों एवं मान्यताओं की अभिव्यक्ति करता है, किन्तु, वह व्यक्ति किसी–न–किसी समाज में रहता है, उस समाज की मर्यादाओं में पलता–बढ़ता है, उसके गुण–अवगुणों से प्रभावित होता है और उसके संस्कार का निर्माण इन सभी घटकों के बीच होता है। वह अपने समाज के प्रभावों से कभी अछूता नहीं रह सकता है। जैसे वह समाज की उपज है, वैसे ही इसकी कृति भी समाज–सापेक्ष होती है। यहीं कारण है, कि एक युग में लिखने वाले दो या तीन साहित्यकारों में समान विचारधारा मिलती है। रीतिकाल में जो उदासीनता और विलासिता छायी हुई थी, वह हिन्दी के सब कवियों में दृष्टिगोचर होती है। भारतेन्दु युग के दौरान जो देश में नयी जागृति आ गई, उसका प्रतिबिंब हिंदी के तत्कालीन सभी कवियों की रचनाओं में पाया जाता है। इंग्लैंड के रेस्टोरेशन युग (17 वीं सदी उत्तरार्द्ध) का भ्रष्टाचारपूर्ण जीवन उस युग के नाटकों में विकसित हुआ। biharboardquestionpaper.com

(i) साहित्यकार अपनी अनुभूतियों और मान्यताओं की अभिव्यक्ति किस माध्यम से करता है?

(ii) कृतिकार की कृति पर समाज की गतिविधियों का कैसा प्रभाव पड़ता है?

(iii) एक ही युग में लिखने वाले दो या तीन साहित्यकारों में समान विचारधारा क्यों मिलती है?

(iv) रीतिकाल के कवियों में कौन से भाव छाये हुए थे?

(v) 'रेस्टोरेशन युग' के नाटकों में किस प्रकार का जीवन विकसित हुआ है?



BiharboardQuestionpaper.com

**अथवा**

(ख) धर्म एक व्यापक शब्द है। मजहब मत, पंथ या संप्रदाय तक सीमित रूप है। संसार के सभी धर्म मूल रूप से एक ही हैं। सभी मनुष्य के साथ सद्व्यवहार सिखाते हैं। ईश्वर किसी विशेष धर्म या जाति का नहीं। सभी प्राणियों में एक ही प्राण स्पंदित होता है। उसके रक्त का रंग भी एक ही है। सुख – दुख का भाव बोध भी उनमें एक जैसा ही है। आकृति और वेशभूषा और रीति–रिवाज तथा नाम ये सभी ऊपरी वस्तुएँ हैं। ईश्वर ने मनुष्य या इंसान को बनाया है और इंसान ने बनाया है धर्म या मजहब को। ध्यान रहे मानवता या इंसानियत से बड़ा धर्म या मजहब कोई नहीं। वह मिलना सिखाता है, अलगाव नहीं। धर्म तो एकता का द्योतक है, अनेकता का नहीं।

(i) संसार के सभी धर्म मूल रूप से कितने हैं?

(ii) ईश्वर ने मनुष्य को बनाया, मनुष्य ने क्या बनाया?

(iii) सबसे बड़ा धर्म क्या है?

(iv) मजहब किसका सीमित रूप है?

(v) धर्म क्या सिखाता है?

2. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का है। **(2×5=10)**

(क) आज दुनिया की सारी तरक्की का केन्द्र बिन्दु 'पहिया' है। यही पहिया सम्पूर्ण धरती को अपनी धुरी पर नचा रहा है। हिन्दू धर्म सबसे पुराना धर्म है। इसके अनुसार पहिया का प्रथम आविष्कार महर्षि भृगु ने किया था। इसके अतिरिक्त भृगु ने 'अग्नि' को जन – कल्याण के लिए प्रचलित किया। महर्षि भृगु की वैज्ञानिक एवं तकनीकी दक्षता की काफी प्रशंसा की जाती है। आगे चलकर भृगु ऋषि के वंशज भार्गव कहलाए जिनमें परशुराम पैदा हुए। वे बड़े क्रोधी स्वभाव के थे।

(i) दुनिया की तरक्की का केन्द्र बिन्दु क्या है?

(ii) दुनिया का सबसे पुराना धर्म कौन सा है?

(iii) पहिए का प्रथम आविष्कार किसने किया?

(iv) महर्षि भृगु की प्रशंसा किसलिए की जाती है?

(v) भृगु ऋषि के वंशज क्या कहलाते हैं?



BiharboardQuestionpaper.com

अथवा

(ख) हमारे यहाँ शास्त्रों में कई जगह संसार की तुलना सागर से की गई है। जिस प्रकार अथाह सागर को पार करने के लिए नाव या जहाज की जरूरत होती है, एक माँझी की जरूरत होती है तथा कुशल तैराकी की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार भव सागर को पार करने के लिए भगवान की कृपा और व्यक्ति का कर्म–कौशल आवश्यक है। व्यक्ति की इस कर्म–कुशलता एवं आचार – विचार से उसकी संतान पर भी अच्छा प्रभाव पड़ता है। ऐसा ही चरित्रवान व्यक्ति संसार में अमर हो जाता है।

(i) संसार की तुलना किससे की गई है?

(ii) अथाह सागर को पार करने के लिए क्या आवश्यक है?

(iii) भव सागर को कैसे पार किया जा सकता है?

(iv) व्यक्ति की संतान पर किसका प्रभाव पड़ता है?

(v) संसार में कौन अमर होता है?

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत – बिन्दुओं के आधार पर लगभग 250–300 शब्दों में निबंध लिखें – **(10)**

(क) समय का महत्व

(i) भूमिका

(ii) समय के सदुपयोग से लाभ

(iii) समय के दुरुपयोग से हानि

(iv) निष्कर्ष



BiharboardQuestionpaper.com

(ख) छात्र और अनुशासन

(i) भूमिका

(ii) अनुशासन का महत्व

(iii) अनुशासनहीनता से हानि

(iv) निष्कर्ष

(ग) गणतंत्र दिवस

(i) भूमिका

(ii) गणतंत्र दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

(iii) गणतंत्र दिवस का महत्त्व

(iv) निष्कर्ष

(घ) सुभाषचंद्र बोस

(i) भूमिका

(ii) सुभाषचंद्र बोस का विद्यार्थी जीवन

(iii) आजाद हिंद फौज का नेतृत्व

(iv) स्वतंत्रता संग्राम में सुभाषचन्द्र बोस की भागीदारी

(v) निष्कर्ष

(ङ) बसंत ऋतु

(i) भूमिका

(ii) बसंत ऋतु का महत्व

(iii) ऋतुओं में राजा

(iv) निष्कर्ष



BiharboardQuestionpaper.com

4. अपने मित्र के पास पत्र लिखिए जिसमें परीक्षा की तैयारी का वर्णन हो। (5)

अथवा

भ्रष्टाचार विषय पर केन्द्रित दो मित्रों में संवाद लिखिए।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर 20–30 शब्दों में लिखिए – (5×2=10)

(क) ईद के दिन अमीना क्यों उदास थी?

(ख) पीपल के पेड़ हमारे लिए किस प्रकार उपयोगी हैं?

(ग) खेमा कसारा के होटल पर काम क्यों करता था?

(घ) बालगोबिन भगत कौन हैं?

(ङ) कर्मवीर किसे कहा जा सकता है?

(च) हुंडरू का झरना कैसे बना है?

(छ) पद्मा ने अशोक को जीवित क्यों छोड़ दिया?

(ज) दुर्जन का साथ किस प्रकार हानिकारक है?

6. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दें – (5)

(क) 'पीपल' शीर्षक कविता की सार्थकता पर प्रकाश डालें।

(ख) महाकवि सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालें।

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल
क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की,
पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और
प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें..



BiharboardQuestionpaper.com